हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–200 : जौनपुर, बुधवार 12 अप्रैल 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## शून्य से शिखर तक लालजी टंडन की है यात्रा –मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जीवन में महानता का मानक केवल नीचे से ऊपर जाना नहीं होता है। कोई व्यक्ति जब शून्य से शिखर की यात्रा को अपने पुरुषार्थ और परिश्रम से प्राप्त करता है तो वह महानता के मानक तय करता है। लालजी टंडन की जीवन यात्रा शून्य से शिखर की है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनसंघ के कार्यकर्ता, एक पार्षद, एक विधायक, एक सांसद और राज्यपाल के रूप में टंडन जी ने जीवनपर्यंत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की विकास की लाइन को आगे बढ़ाने का काम किया। सीएम योगी ने बुधवार को पूर्व राज्यपाल लाल जी टंडन की जयंती के अवसर पर काली चरण महाविद्यालय में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। साथ ही महाविद्यालय में शताब्दी विस्तार भवन का नामकरण किया। अब भवन का नाम लालजी टंडन भवन हो गया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि अहंकार टंडन जी को कभी छू नहीं पाया। एक कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने अपनी जो राजनीतिक यात्रा प्रारम्भ की थी वही सज्जनता और सादगी जीवन पर्यंत उनमें दिखाई पड़ती रही। सीएम योगी ने कहा कि कालीचरण महाविद्यालय के साथ उनका लंबा जुड़ाव रहा है। लालजी टंडन ने यहां के भवनों को जिस रूप में बनाया है वह दर्शनीय है। उन्होंने कहा कि यह कैंपस आजादी के आंदोलन का साक्षी रहा है। इस संस्थान से मूर्धन्य साहित्यकार और वैज्ञानिक निकले हैं। हिंदी गद्य के प्रख्यात साहित्यकार श्याम सुंदर दास यहां के पहले प्राचार्य थे। अनेक



साहित्यकार, समाजसेवी, वैज्ञानिक और राजनीतिज्ञों को जन्म देने का कार्य इस संस्थान ने किया है। सीएम योगी ने कहा कि समाज में परिवर्तन का माध्यम शिक्षा ही बन सकती है। इस क्षेत्र में हम जितना सहयोग करेंगे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उतना परिवर्तन दिखाई देगा। आज उत्तर प्रदेश में जो भी परिवर्तन आया है शिक्षा उसके मूल में है। सीएम योगी ने टंडन जी की स्मृतियों को नमन करते हुए प्रबंधन से अपील करते हुए कहा कि इस महाविद्यालय का इतिहास 118 वर्ष पुराना है। सरकार की नई नीति से आप जुड़िए और यहां के सभी जर्जर भवनों को सुधारने में सरकार आपका सहयोग करेगी। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, सासंद कौशल किशोर, विधायक आशुतोष टंडन, पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा तहसील मछलीशहर में बने नामांकन कक्षों का किया गया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुज कुमार एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजय पाल शर्मा ने तहसील मछलीशहर में बने नामांकन कक्षों का निरीक्षण किया और निर्वाचन सम्बन्धित तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने नामांकन कक्षों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं चुस्त–दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा के दृष्टिगत बैरीकेडिंग भी कराये जाने के निर्देश दिया। शौचालय की स्थिति एवं पीने के लिए पेय जल समुचित व्यवस्था आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षों में साफ–सफाई व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, वीडियोग्राफी आदि व्यवस्था को देखा और सीसीटीवी, कंप्यूटर की स्थिति की जानकारी ली। अधिकारियों के द्वारा बिहारी महिला महाविद्यालय एवं फौजदार इंटर कालेज में बने मतगणना स्थल एवं स्ट्रांग रूम व कार्यालय अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मुंगराबादशाहपुर एवं




आइडियल कॉन्वेंट स्कूल में बने बूथो का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था कर लेने के निर्देश दिया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मछलीशहर राजेश कुमार, क्षेत्राधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## ईमानदारी कर्मठता का प्रतीक है शील्ड –प्रो. निर्मला एस. मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर की रोवर्स –रेंजर्स की प्रदेश चैंपियन बनीं टीम को कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने बुधवार को सम्मानित किया। प्रदेश चैंपियन का खिताब पीयू को कई वर्षों से लगातार मिलता आ रहा है। यह सम्मान 2021–22 और 2022–23 के विजेता को एनएसएस भवन में दिया गया। सम्मान समारोह को संबोधित करतीं हुईं कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि शील्ड ईमानदारी और कर्मठता का प्रतीक है। इसे जीवन के हर क्षेत्र में अपनाना चाहिए। उन्होंने रोवर्स–रेंजर की स्वागत ताली पर उसके वैज्ञानिक महत्व को विस्तार से बताया। महिलाओं को शरीर पर आभूषण के पहनने का कारण पर भी चर्चा की। उनका मानना है कि हर चीज का कोई न कोई कारण और महत्व होता है। उन्होंने प्रकृति के सौन्दर्य को संरक्षित करने में रोवर्स–रेंजर के भूमिका की प्रशंसा की। रोवर्स– रेंजर्स की टीम को बधाई देते हुए कहा कि संघर्ष करने वालों की कभी हार नहीं होती। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमारद्ध ने कहा कि सेवा जनकल्याण के लिए होनी चाहिए। सेवा और मेहनत का परिणाम है कि हमारी टीम लगातार चौम्पियन बनी है। वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने रोवर्स–रेंजर के विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया। कहा कि इसका अनुशासन और व्यवहार ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रभावित करें। रोवर–रेंजर



विश्वविद्यालय संयोजक डॉ जगदेव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए रोवर्स–रेंजर्स की उपलब्धियों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि ऊर्जावान विद्यार्थियों की वजह से हम मेडल के हकदार लगातार बन रहे हैं। संचालन डॉ राकेश मिश्रा और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. अजय दुबे ने किया। इसके पूर्व रोवर्स–रेंजर की टीम ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह ने भी गीत के माध्यम से विद्यार्थियों में ऊर्जा का संचार किया। इस अवसर पर प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो.सुरेश कुमार पाठक, प्रो. शंभू राम चौहान, प्रो. प्रमोद कुमार सिंह,द्ध सहायक कुलसचिव अजीत सिंह, एनएसएस समन्वयक डॉ राज बहादुर यादव, डा. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, डॉ रसिकेश, डॉ सुनील कुमार, डॉ मनोज मिश्र, डॉ अशोक कुमार सिंह, डॉ पारूली सिंह, डॉ सुधीर, शिवकुमार आदि उपस्थित थे।

## पुलिस मुठभेड़ में तीन गौ तस्कर गिरफ्तार : एक के पैर में लगी गोली

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरायख्वाजा थाना अंतर्गत सरायख्वाजा पुलिस व स्वाट टीम के साथ हुई पुलिस मुठभेड़ में 03 गौ–तस्कर गिरफ्तार किये गए है जबकि मुठभेड़ में एक के पैर में लगी गोली पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया इसके पास से एक देशी तमंचा,दो खोखा कारतुस, एक पिकअप एक बोलरो, तीन मोबाईल,दो गोवंश व उपकरण बरामद किया है। डा0 अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध की रोक थाम व अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में मंगलवार देर रात्रि प्रभारी निरीक्षक सरायख्वाजा व स्वाट टीम प्रभारी उ0नि0 रमेश कुमार व सर्विलांस टीम प्रभारी उ0नि0 रामजनम यादव मय टीम के पतहना तिराहे पर अपराध की रोकथाम व अपराधियो कि गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के सम्बन्ध मे बात चीत कर रहे थे कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली की गोतस्कर कुछ गोवंशो को काटने के लिए पिकअप पर गोवंश को लाद कर आनापुर की तरफ से आ रहे है इस सूचना पर आने जाने वालो कि चेकिंग के दौरान पिकअप व बोलेरो आती हुई दिखाई दी कि बोलेरो पर सवार गौ तस्कर द्वारा पुलिस पार्टी पर वाहन को चढ़ाने का प्रयास करते हुए पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया जिससे एक गोली हे0का0 संजय शर्मा के बाए बांह के कन्धे के नीचे भाग पर लगी आत्मरक्षार्थ चेतावनी देते हुए पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग कि गयी जिससे एक गोली गौ तस्कर मो0 सलमान पुत्र फिरोज निवासी ग्राम पीठापुर थाना अहरौला जनपद आजमगढ़ के दाहिने पैर मे लगी गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस द्वारा मौके से भागते हुए दो अन्य गौ तस्कर फैजान पुत्र फिरोज अहमद निवासी पीठापुर थाना अहरौला जनपद आजमगढ़ व अब्दुल्ला पुत्र कमरूद्दीन निवासी मकदूम पुर थाना तेजीबाजार जनपद जौनपुर को गिरफ्तार कर लिया गया तथा मौके से एक पिकअप व एक बोलरो व दो गोवंश व एक तमंचा 315 बोर व दो खोखा कारतुस व दो चाकू व अन्य उपकरण बरामद किया गया। घायल पुलिस के जवान व अभियुक्त सलमान को उपचार पीएचसी करंजाकला रवाना किया गया था जिसको जिला अस्पताल जौनपुर से बीएचयू वाराणसी रेफर कर दिया गया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता 1.मो0 सलमान पुत्र फिरोज निवासी ग्राम पीठापुर थाना अहरौला जनपद आजमगढ़। (घायल) 2.फैजान पुत्र फिरोज अहमद निवासी पीठापुर थाना अहरौला जनपद आजमगढ़। 3.अब्दुल्ला पुत्र कमरूद्दीन निवासी मकदूम पुर थाना



तेजीबाजार जनपद जौनपुर ।इनका अपराधिक इतिहास 1. सलमान पुत्र फिरोज अहमद निवासी पीठापुर थाना अहरौला आजमगढ। 1.मु0अ0स0 83/23 धारा 34/307/186/353 भादवि व 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 3/25 व 4/25 आर्मस एक्ट थाना सरायख्वाजा जौनपुर 2. मु0अ0सं0 39/20 धारा 186/224/225/323/336/353/427/504/506 भादवि थाना अहरौला जनपद आजमगढ़ 3.मु0अ0सं0 50/2015 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता थाना अहरौला जनपद आजमगढ़ 4.मु0अ0सं0 214/19 धारा 323/336/380/458 भादवि थाना अहरौला जनपद आजमगढ़ 5.मु0अ0सं0 223/19 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता व 3/25 आर्मस एक्ट थाना अहरौला जनपद आजमगढ़ 6.मु0अ0सं0 224/19 धारा 336/380/411/458 भादवि थाना अहरौला जनपद आजमगढ़ 7.मु0अ0स0 01/16 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम11 पशु क्रूरताव 307 भा0द0वि0 थाना गम्भीरपुर आजमगढ 8.मु0अ0सं0 50/15धारा 60आबकारी अधि0 थाना बिलरियागंज आजमगढ 2. फैजान पुत्र फिरोज अहमद निवासी पीठापुर थाना अहरौला जनपद आजमगढ़। 1.मु0अ0स0 83/23 धारा 34/307/186/353 भादवि व 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 3/25 व 4/25 आर्मस एक्ट थाना सरायख्वाजा जौनपुर 2.मु0अ0सं0 39/20 धारा 186/224/225/323/336/353/427/504/506 भादवि थाना अहरौला जनपद आजमगढ़ । 3.मु0अ0सं0 120/20 धारा 60आबकारी अधि0 थाना अहरौला आजमगढ 4.मु0अ0सं0 223/19 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता व 3/25 आर्मस एक्ट थाना अहरौला जनपद आजमगढ़ 3.अब्दुल्ला पुत्र कमरूद्दीन निवासी मकदूम पुर थाना तेजीबाजार जनपद जौनपुर। 1.मु0अ0स0 83/23 धारा 34/307/186/353 भादवि व 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 3/25 व 4/25 आर्मस एक्ट थाना सरायख्वाजा जौनपुर ।गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम 1.प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र थाना सरायख्वाजा 2.उ0नि0श्री गोविन्द देव मिश्रा थाना सरायख्वाजा 3.उ0नि0 सतोष यादव थाना सरायख्वाजा 4.उ0नि0 विनोद सिह थाना सरायख्वाजा 5.उ0नि0 रामजनमयादव प्रभारी सर्विलास जौनपुर। 6.उ0नि0 रमेश कुमार प्रभारी एसओजी जौनपुर। 7.उ0नि0 मनोज कुमार सिह एसओजी जौनपुर। 8.हे0का0 सजय शर्मा, हे0का0 अमलेश सिह, हे0का0 रोहित श्रीवास्तव, का0 संदीप पटेल, का0 सतीश भाटिया, का0 राहुल गुप्ता थाना सरायख्वाजा जौनपुर।

## 13 मई 2023 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत को प्रभावी बनाने हेतु प्री–ट्रायल बैठक सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफ.टी.सी./सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रशांत कुमार ने अवगत कराया है कि उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल के कुशल निर्देशन में 13 मई 2023 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा प्रतिकर के अधिकतम वादों के निस्तारण के सम्बन्ध में अधिवक्तागण से विचार विमर्श हेतु प्री–ट्रायल बैठक श्री भुदेव गौतम, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण जौनपुर की अध्यक्षता एवं श्री प्रशांत कुमार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफ.टी.सी सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर के संयोजन में 12 अप्रैल 2023 को न्यायालय/कार्यालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण जौनपुर में समय दोपहर 2:30 बजे आयोजित की गयी। बैठक में विचार–विमर्श करते हुए पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण जौनपुर श्री भुदेव गौतम द्वारा मोटर दुर्घटना दावा के अधिवक्ताओं को लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित वादों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह–समझौते के आधार पर वादों का निस्तारण कराये जाने का आह्वान किया गया तथा




कहा गया कि समझौता पत्र मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण में प्रस्तुत कर वादों का निस्तारण कराया जा सकता है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर आप अधिकरण से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं। उनके द्वारा नियमानुसार पूर्ण सहयोग किये जाने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर श्री प्रशांत कुमार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफ.टी.सी/सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर द्वारा उपस्थित समस्त अधिवक्तागण से अपील की गयी कि अधिकाधिक वादों का निस्तारण कराकर लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें। उपस्थित अधिवक्ता गण द्वारा अधिकतम वादों के निस्तारण कराये जाने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर लोक अदालत हेतु गठित एम0ए0सी0टी0 पीठ के सदस्य अधिवक्ता श्री हिमांशु श्रीवास्तव व अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

**पाठक बन्धुओं से अनुरोध**

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## कैटल कैचर वाहन से अन्ना गौवंश पकड़कर छोड़े जायेंगे गौशाला

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : बल्दीराय क्षेत्र वासियों के लिए अच्छी खबर है। अब जल्द ही अन्ना गौवंशो से छुटकारा मिलने जा रहा है। सरकार द्वारा ब्लॉक स्तर पर भेजे गए कैटल कैचर वाहन का पूजन के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि/ब्लॉक प्रमुख ,एसडीएम व बीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ कर दिया है। कैटल कैचर वाहन से अन्ना गौ वंशों को पकड़कर सरकार द्वारा संचालित गौशालाओं में भेजा




जाएगा ।बुधवार को सरकार द्वारा अन्ना गौवंशों को पकड़ने के लिए भेजे गए कैटल कैचर वाहन का जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधिध्ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह,एसडीएम महेंद्र कुमार श्रीवास्तव व खण्ड विकास अधिकारी बल्दीराय सत्य नारायण सिंह ने विधि विधान से पूजन किया। इसके बाद वाहन को हरी झंडी दिखाकर अन्ना गौ वंशों को पकड़ने के लिए रवाना कर दिया गया। बताया गया है कि इस वाहन की मदद से क्षेत्र में जहां कहीं भी अन्ना गौवंश दिखेंगे उसके लिए ब्लॉक के कर्मी वाहन से पकड़ने जाएंगे। जो ब्लॉक क्षेत्र में सरकार द्वारा बनाई गई गौशालाओं में लेकर छोड़े जायेंगे। इसके लिए विभाग ने डोर–टू–डोर अभियान शुरू कर दिया है ।बताया गया है कि कैटल कैचर वाहन के संचालन के बाद क्षेत्र वासियों को सड़क किनारे बैठ व किसानों के खेत का नुकसान कर रहे आवारा गौ वंश से राहत मिलने वाली है। वहीं अन्ना मवेशियों को गौशाला में संरक्षण मिलेगा ।शुभारम्भ के दौरान एपीओ मनरेगा मृतुन्जय श्रीवास्तव ,एडीओ पंचायत दयावंत सिंह,जेई जितेन्द्र मोहन शर्मा,विजय सिंह,सेक्रेटरी रामतेज वर्मा,अरविंद सिंह,रोहित चन्द्रा,वरिष्ठ लिपिक सत्य नारायण,प्रधान मोहम्मद सम्मू,बबलू सिंह,वेद प्रकाश अग्रहरि,प्रधान नन्दू यादव,श्याम प्रीत,अखिलेश कुमार सिंह,प्रियंका साहू,दीप्ती यादव आदि मौजूद रहे।

## अराजक तत्वों ने अंबेडकर प्रतिमा तोडी अक्रोषित ग्रामीणों ने किया हंगामा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जलालपुर थाना क्षेत्र के रामपुर सोइरी गांव में लगी डा.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा को मंगलवार रात अराजक तत्वों द्वारा तोड़ दिए जाने से अक्रोषित ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया ।सूचना मिलते सीओ केराकत गौरव शर्मा ,थानाध्यक्ष रमेश यादव



पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया ।गांव के दलित बस्ती के पास अंबेडकर प्रतिमा लगी हुई है ।बुधवार सुबह ग्रामीण सो कर उठे तो देखा की किसी ने प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर दिया है ।अंबेडकर प्रतिमा तोड़े जाने की जानकारी गांव में फैल गई। धीरे धीरे भीड़ जुटने लगे और हंगामा शुरू कर दिया। आरोप लगाया की यह प्रतिमा तीसरी बार तोड़ी गई है ।इससे पहले एक बार हाथ तोड़ा गया था दूसरी बार कमर से तोड़ दिया गया था ।इस बार अराजक तत्वों ने प्रतिमा का चेहरा ही तोड़ दिया है ।प्रशासन द्वारा अराजक तत्वों के विरुद्ध कोई कार्यवाइ नही किए जाने से उनका हौसला बुलंद है और वह बार बार ऐसी घटना हो अंजाम दे रहे है ।पुलिस ने अराजक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाई करने के आश्वासन और टूटी प्रतिमा की जगह दूसरी प्रतिमा लगवाने पर ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

अपनीं कमजोरियां पुरुषार्थ को कठिन बना देती हैं।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# नगर निकाय चुनाव को लेकर जिलाधिकारी ने पत्रकारो के साथ बैठक कर दी गयी जानकारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कलेक्ट्रेट सभागार में जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार की अध्यक्षता में पत्रकार वार्ता आयोजित की गयी। जिला निर्वाचन अधिकारी (न०नि०) ने बताया कि सार्वजनिक सूचना निर्गत करने का दिनांक 11 अप्रैल 2023 (मंगलवार), नाम निर्देशन पत्रों का क्रय व जमा करने का अन्तिम दिनांक व समय 11 अप्रैल 2023 से 17 अप्रैल 2023 तक (पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 03.00 बजे तक), नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा का दिनांक व समय 18 अप्रैल 2023 (मंगलवार) (पूर्वान्ह 11.00 बजे से कार्य की समाप्ति तक), अभ्यर्थन की वापसी का दिनांक व समय 20 अप्रैल 2023 (गुरुवार) (पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 03.00 बजे तक), प्रतीक आवंटन का दिनांक व समय 21 अप्रैल 2023 (शुक्रवार) (पूर्वान्ह 11.00 बजे से कार्य की समाप्ति तक), मतदान का दिनांक व समय 04 मई 2023 (गुरूवार) (पूर्वान्ह 07.00 बजे से अपरान्ह 06.00 बजे तक), मतगणना का दिनांक व समय 13 मई 2023 (शनिवार) (पूर्वान्ह 08.00 बजे से कार्य की समाप्ति तक) किया जायेगा।जनपद में कुल 12 नगरीय निकाय है जिसमें 03 नगर पालिका परिषद व 09 नगर पंचायते है। नगर पालिका परिषद शाहगंज, जौनपुर एवं मुंगराबादशाहपुर, नगर पंचायत जफराबाद, कचगॉच, गौराबादशाहपुर, खेतासराय, मछलीशहर, मड़ियाहूँ, रामपुर, केराकत, बदलापुर है। कुल वार्ड 208 (नगर पालिका परिषदों में 89 वार्ड तथा नगर पंचायतों में 119 वार्ड है), कुल मतदान केन्द्र 154, कुल मतदान स्थल 488, जोन 19, सेक्टर 40 है। आरओ 39, एआरओ 48 लगाये गये है। प्रभारी अधिकारी 23, सहायक प्रभारी अधिकारी 45 लगाये गये है। संवेदनशील मतदान केन्द्र 44, स्थल 133, अति संवेदनशील (एचएस प्लस) मतदान केन्द्र 34, स्थल 112, अति संवेदनशील प्लस मतदान केन्द्र 16, स्थल 66, सामान्य मतदान केन्द्र 60, स्थल 117, कुल महिला मतदाता 233153, कुल पुरुष मतदाता 205684, कुल मतदाता 438837 है। 2023 में विगत सामान्य निर्वाचन–2017 से कुल 129778 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। मतदान कार्मिक–2540 (कुल 635 मतदान पार्टी बनायी जाएगी, कुल मतदान स्थल का 130 प्रतिशत) मतगणना कार्मिक– 1040 (कुल 260 मतगणना पार्टी बनायी जाएगी 02 शिफ्टों के लिए) 23852 कार्मिको की उपलब्ध है। 547 मतदान किट बनाये जाने है जिन्हें 20 अप्रैल 2023 तक तैयार कर लिया जाएगा। आयोग द्वारा नामित प्रेस से मतपत्रों का मुद्रण कराया जाएगा। जनपद में कुल 438837 मतदाता है इस प्रकार अध्यक्ष पद के एवं सदस्य पद के लिए अलग–अलग मतपत्र मुद्रित कराये जायेंगे। आयोग के निर्देशानुसार डाक मतपत्र जनपद स्तर पर मुद्रित कराये जाएंगे। मतदान कराये जाएंगे। कार्मिको के द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण स्थल पर निकायवार फैसिलिटेशन सेंटर बनाया जाएगा और वही पर मतदान कार्मिक जो जनपद के किसी भी नगरीय निकाय का मतदाता है, डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकेगा। मतदान के पश्चात प्रतिदिन मतपेटी कोषागार के डबल लॉक में सुरक्षित रखा जाएगा, जिसे मतगणना के दिन प्रातः 06.00 बजे सम्बन्धित ए०आर०ओ० द्वारा कोषागार के डबल लॉक से निकालकर मतगणना हेतु मतगणना स्थल पर ले जाया जाएगा। अध्यक्ष एवं सदस्य पद के मतपत्र एक ही मतपेटिका में डाले जाएंगे। प्रत्येक मतदान स्थल पर 02 मतपेटी भेजी जाएगी जिसके लिए कुल 976 मतपेटिकाओं की आवश्यकता है। जनपद में कुल 14000 मतपेटिकाएं उपलब्ध है। आयोग द्वारा 09 अप्रैल 2023 को अधिसूचना जारी किये जाने के साथ ही जनपद में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गयी है। आदर्श आचार संहिता के अनुपालन हेतु सम्बन्धित उपजिलाधिकारी एवं सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी पुलिस की अध्यक्षता में निकायवार टीमों का गठन कर दिया गया है जो निर्वाचन समाप्ति तक क्रियाशील रहेगी। व्यय अनुवीक्षण हेतु जनपद में प्रत्येक निकाय के लिए 03 उड़न दस्ते एवं 03 स्थायी निगरानी टीम का गठन किया गया है। इस प्रकार जनपद में कुल 36 उड़न दस्ता टीम एवं 36 स्थायी निगरानी टीम गठित की गयी है जो 24 घण्टे क्रियाशील रहकर कार्यवाही करेगी। मतदान पार्टियों को मतदान स्थल तक पहुँचाये जाने के लिए लगभग 200 सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट, आर०ओ०, एफ०एस०टी०/एस०एस०टी० टीम के लिए लगभग 150 भारी वाहन एवं हल्के वाहनों की आवश्यकता होगी। आयोग द्वारा अति संवेदनशील प्लस मतदान केन्द्रों पर वेब कास्टिंग करायी जाएगी। जनपद में कुल 16 अति संवेदनशील प्लस मतदान केन्द्र चिन्हित किये गये है। नामांकन स्थलों का निर्धारण कर दिया गया है। नामांकन सभी तहसील मुख्यालय पर होगा। मतदान पार्टी प्रस्थान के लिए स्थल निर्धारित कर दिया गया है। मतगणना केन्द्र, मतगणना केन्द्र का निर्धारण कर दिया गया है। अध्यक्ष पद हेतु उम्मीदवार की आयु 30 वर्ष तथा सदस्य पद हेतु उम्मीदवार की आयु 21 वर्ष होनी चाहिए तथा वह सम्बन्धित नगरीय निकाय का निर्वाचक हो। अनारिक्षत श्रेणी के अध्यक्ष नगर पालिका परिषद का नाम निर्देशन पत्र का मूल्य रु0 500, जमानत की धनराशि 8000 रुपये, अनु0जा0/अनु0ज0जा0/अन्य पिछड़ा वर्ग/महिला उम्मीदवारों के लिए नाम निर्देशन पत्र का मूल्य 250 रुपये और जमानत राशि 4000 रुपये। अधिकतम व्यय सीमा रुपये 9 लाख है। अनारिक्षत श्रेणी के सदस्य नगर पालिका परिषद के लिए नाम निर्देशन पत्र का मूल्य रु0 200, जमानत धनराशि 2000, नाम निर्देशन का पत्र का मूल्य 100 रुपये और जमानत राशि 1000 रुपये। अधिकतम व्यय सीमा रुपये 2 लाख है। अनारिक्षत श्रेणी के अध्यक्ष नगर पंचायत के लिए नाम निर्देशन पत्र का मूल्य रु0 250, जमानत धनराशि 5000, नाम निर्देशन का पत्र का मूल्य 125 रुपये और जमानत राशि 2500 रुपये। अधिकतम व्यय सीमा रुपये 2.5 लाख है। अनारिक्षत श्रेणी के सदस्य नगर पंचायत के लिए नाम निर्देशन पत्र का मूल्य रु0 100, जमानत धनराशि 2000, नाम निर्देशन का पत्र का मूल्य 50 रुपये और जमानत राशि 1000 रुपये। अधिकतम व्यय सीमा रुपये 50 हजार है। पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा द्वारा बताया गया कि निर्वाचन के लिए सभी प्रकार की तैयारी पूर्ण कर ली गयी है। निर्वाचन को प्रभावित करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

# 13 अप्रैल से शुरू होंगी श्री जय नारायण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बी०ए० एम०ए०–सम सेमेस्टर की कक्षाएं

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। श्री जय नारायण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखनऊ की प्राचार्या प्रो० मीता साह ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि महाविद्यालय में कलासंकाय के सम सेमेस्टरों की कक्षाएं दिनांक 13.04.2023 से प्रारम्भ होंगी। अतः महाविद्यालय के वी०ए० द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठम सेमेस्टर व एम०ए० द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र अपनी पूर्व निर्धारित समय–सारिणी के अनुसार कक्षाओं में उपस्थित हों। प्राचार्या ने यह भी अवगत कराया कि लखनऊ विश्वविद्यालय के दिशा निर्देशों के अनुसार महाविद्यालय में छात्रों की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। अतः ऐसे छात्र जिनकी उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम होगी वे अपने सम सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किये जा सकते हैं। अतएव छात्र कक्षाओं में अनिवार्य रूप में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

# लोगों का आरोप : रूपापुर चीनी मिल की फैली गंदगी ने किया जीना मुश्किल

पत्रकार जनार्दन श्रीवास्तव पाली–(हरदोई) तहसील सवायजपुर क्षेत्र के अंतर्गत स्थित रूपापुर चीनी मिल के आसपास गंदगी को लेकर लोगों में रोष व्याप्त है।इस मिल के आसपास क्षेत्र के लोगों व राहगीरों का आरोप है कि मिल में व्याप्त प्रदूषण बदबू व गंदगी के कारण लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। मिल की ओर से मानवीयता भूलकर सड़क किनारे कई जगहों पर गंदगी फैलाई जा रही है। उस गंदगी से दुर्गंध निकल रही है जिससे क्षेत्र के लोगों व राहगीरों को उस गंदगी की दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही मच्छरों का भी प्रकोप तेजी से फैल रहा है। इन मच्छरों के ज्यादा पैदावार से अनेक प्रकार की बीमारियों का उत्पन्न होना लोगों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। रूपापुर चीनी मिल प्रबंधन की अकड़ बाजी के चलते लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। चीनी मिल की तरफ से पाली रूपापुर सड़क मार्ग के लगे मैली कई जगहों पर डाली गई है। उस मैली से बहुत खराब दुर्गंध निकलती है। राहगीरों को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। इस गंदगी



के चलते मच्छरों का प्रकोप बढ़ने लगा है। इसके बावजूद चीनी मिल प्रबंधक इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। साहिल खान, संदीप कुमार कुशवाहा उर्फ सोनू, सुनील, मनोज, राजन, प्रदीप, लालू बाजपेई एडवोकेट, आदि लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का मिल प्रबंधक ने समाधान नहीं किया तो आने वाले समय में बीमारियों पर नियंत्रण कर पाना कठिन हो जायेगा साथ ही इन लोगों का कहना है कि यदि मिल प्रबंधक ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो वह अति शीघ्र जिलाधिकारी से मिलकर इस समस्या से अवगत कराएंगे।

# अध्यक्ष पद के लिये 98 एवं सदस्य पद के लिए 547 लोगो ने खरीदा पर्चा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगरीय निर्वाचन के प्रथम दिन आज जौनपुर नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष पद के लिए 10, नगर पंचायत गौराबादशाहपुर में 06, कचगॉव में 36 एवं जफराबाद में 10 नामांकन पर्चे खरीदे गये एवं सदस्य पद हेतु जौनपुर नगर पालिका परिषद में 135, गौराबादशाहपुर 70, कचगांव में 50 एवं जफराबाद में 32 पर्चे खरीदे गए। शाहगंज नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष पद के लिए 01 एवं सदस्य के लिए 66, खेतासराय में अध्यक्ष के 04 एवं सदस्य के 24 परिचय खरीदे गए। मुंगराबादशाहपुर नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष पद के लिए 06 एवं सदस्य के लिए 8, नगर पंचायत मछलीशहर में अध्यक्ष के लिए 04 एवं सदस्य के लिए 18, मड़ियाहूं में अध्यक्ष के लिए 4 एवं सदस्य के लिए 39, रामपुर में अध्यक्ष के लिए 04 एवं सदस्य के लिए 33, बदलापुर में अध्यक्ष 10, सदस्य के 52, केराकत में अध्यक्ष पद के लिए 03, सदस्य के लिए 20 पर्चे खरीदे गए। कुल अध्यक्ष पद के लिये 98 एवं सदस्य पद के लिए 547 लोगो ने पर्चा खरीदा गया। आज किसी भी प्रत्याशी के द्वारा नामांकन नहीं किया गया।

# दुराचारी को हुई सजा भेजा गया जेल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खुटहन थाना पुलिस द्वारा एक शातिर लुटेरा टॉप 10 दुराचारी मजारिया एच0एस0 अपराधी की जमानत निरस्त करवा कर धारा 309 सीआरपीसी के तहत जेल मे निरुध्द कराया गया। डॉ0 अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद मे अपराध की रोकथाम हेतु जमानतदारो के विरुद्ध चलाए जा रहे आभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी शाहगंज जौनपुर पर्वेक्षण में प्रभारी निरीक्षक राजेश यादव थाना खुटहन जौनपुर द्वारा अभियुक्त राहुल यादव पुत्र महेन्द्र यादव ग्राम भिवरहां खुर्द थाना खुटहन जनपद जौनपुर के विरुद्ध थाना खुटहन जौनपुर में मु0अ0सं0 375ध19 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगस्टर एक्ट पंजीकृत था जिसमें अभि0 राहुल यादव उपरोक्त जमानत करा लिया था कि जमानतदार इन्द्रजीत पुत्र शीतल ग्राम फतेहगढ़ थाना खुटहन जौनपुर को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुतकर अभियुक्त राहुल यादव पुत्र महेन्द्र यादव उपरोक्त की जमानत निरस्त कराया गया और अभियुक्त राहुल यादव उपरोक्त को धारा 309 सीआरपीसी के तहत जिला कारागार मे निरुध्द कराया गया । अभियुक्त राहुल यादव उपरोक्त थाना का दुराचारी HS 44ए मजारिया है । आपराधिक इतिहास 1.मु0अ0सं0 61/19 धारा 396/412 भादवि थाना खुटहन जौनपुर। 2.मु0अ0सं0 211/19 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना खुटहन जौनपुर। 3. मु0अ0सं0 04/19 धारा 392 भादवि थाना सपतहां जौनपुर। 4.मु0अ0सं0 73/19 धारा 307 भादवि थाना सरपतहां जौनपुर। 5.मु0अ0सं0 375/19 धारा 3(1) यूपी0 गैंगेस्टर एक्ट थाना खुटहन जौनपुर। 6.मु0अ0सं0 30/23 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना सपतहां जौनपुर। 7.मु0अ0सं0 161/18 धारा 323/504/506 भादवि थाना सरपतहां जौनपुर। 8.मु0अ0सं0 23/19 धारा 504/506 थाना सरपतहां जौनपुर।

# अटेवा का संवैधानिक मार्च स्थगित



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद 16 अप्रैल को अटेवा द्वारा पूर्व घोषित संवैधानिक मार्च कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है। यह निर्णय प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु जी की अध्यक्षता में प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा ऑनलाइन मीटिंग में तय किया गया है। यह कार्यक्रम आगे आने वाले समय में किया जाएगा। इस बीच में अपने संगठन की मजबूती के लिए लगातार एक दूसरे से संवाद बनाए रहें साथ ही साथ सम्पूर्ण देश के संवैधानिक मार्च के कार्यक्रम को सोशल मीडिया के प्रत्येक प्लेटफॉर्म पर अधिक से अधिक शेयर करें। प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर यह जानकारी अटेवा के जिला कार्यक्रम प्रभारी इंदु प्रकाश यादव ने दिया।

# पीएनबी ने मनाया 129 वां स्थापना दिवस

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। पंजाब नैशनल बैंक द्वारा 129 वां गौरवशाली स्थापना दिवस मनाया गया। इस विशेष अवसर पर अंचल कार्यालय लखनऊ में अंचल प्रमुख संजय गुप्ता द्वारा बैंक के संस्थापक महान स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय लाला लाजपत राय जी की फोटो पर माल्यार्पण किया गया इस खास अवसर पर उन्होंने सभी स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए बताया कि पंजाब नैशनल बैंक पूर्ण रूप से स्वदेशी बैंक है। 1895 से आगे बढ़ते



हुए बैंक का व्यवसाय उत्तरोत्तर प्रगति पर है और हमारे ग्राहकों की संख्या भी 18 करोड़ के ऊपर है। उन्होंने बैंक की उत्तरोत्तर प्रगति के लिए अपने ग्राहकों का आभार व्यक्त किया साथ ही बताया कि पंजाब नैशनल बैंक अपने ग्राहकों को उत्कृष्ट ग्राहक सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है। बैंक ने अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं द्वारा ग्राहकों को आत्मनिर्भर बनाया है। इस विशेष उपलक्ष्य पर पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए अंचल कार्यालय परिसर एवं स्टाफ प्रशिक्षण केन्द्र 1 में अंचल प्रबंधक संजय गुप्ता द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। इसके साथ ही पीएनबी की विभिन्न शाखाओं द्वारा ग्राहक सेवा, मेडिकल कैम्प, क्रेडिट कैम्प, डिजिटल कैम्प एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही इस अवसर पर मण्डल कार्यालय लखनऊ द्वारा बाराबंकी स्थित नर्वदेश्वर ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स परिसर में नवस्थापित एटीएम का उदघाटन संजय गुप्ता, अंचल प्रबन्धक लखनऊ के करकमलों द्वारा किया गया। 129 वें स्थापना दिवस को यादगार बनाने के लिए स्टाफ प्रशिक्षण केन्द्र लखनऊ में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस खास अवसर पर उप अंचल प्रमुख अनुपम शर्मा, उप महाप्रबंधक वित्तेश कुमार, आंचलिक लेखा परीक्षा कार्यालय प्रमुख टी डी बिरवानी, मंडल प्रमुख लखनऊ पवन सिंह एवं वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पुलिस बूथ में लटकता मिला सिपाही का शव

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : सोल्जर बोर्ड चौराहे पर स्थित यातायात पुलिस बूथ में सिपाही का शव फंदे लटकता पाया गया। सुबह ड्यूटी पर पहुंचे पुलिस कर्मी शव लटका देख दंग रह गए। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। सोल्जर बोर्ड चौराहे पर यातायात पुलिस का बूथ है। बुधवार को सुबह जब पुलिस कर्मी अपनी ड्यूटी पर पहुंचे तब बूथ में कांस्टेबल का शव लटका देख सभी दंग रह गए । सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी ,अपर पुलिस अधीक्षक सहित तमाम पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस बूथ में सिपाही अशोक कुमार यादव का शव लटका होने की सूचना मिलते ही विभाग में अफरा–तफरी मच गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना की तफ्तीश की जा रही है । पुलिस बूथ में ट्रैफिक सिपाही ने सुसाइड क्यों किया? यह चर्चा जोरों पर है?

# एकेटीयू में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत प्रबंधन शास्त्र के पाठ्यक्रम में बदलाव को लेकर हुई अहम बैठक

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में प्रबंधन शास्त्र के पाठ्यक्रम में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बदलाव के लिए समिति की बैठक हुई. बैठक में समिति ने एमबीए के नए पाठ्यक्रम के प्रस्ताव को रखा. जिसके तहत छात्र अब एमबीए प्रथम वर्ष करने के बाद यदि नौकरी में जाना चाहते हैं तो उन्हें पीजीडीबीए की डिग्री दी जाएगी. यानी उन्हें एमबीए में एग्जिट का अवसर मिलेगा. इससे न केवल उनका 1 साल बर्बाद होने से बच जाएगा बल्कि उन्हे डिग्री भी मिल जाएगी. वही कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने प्रबंधन शास्त्र के पाठ्यक्रम में बदलाव को लेकर अपना सुझाव दिया. इसके तहत , नए सत्र से एमबीए के छात्र आध्यात्मिकता और वेदिक विजडम तथा मैनेजमेंट एंड डिजाइन थिंकिंग को भी पाठ्यक्रम के रूप में पढ़ेंगे। इससे न केवल छात्रों को भारत के प्राचीन ज्ञान विज्ञान से परिचित होने का अवसर मिलेगा बल्कि उनमें अपने इतिहास को लेकर भी जागरूकता



बढ़ेगी। साथ ही पाठ्यक्रम में हैप्पीनेस को भी शामिल किया जाएगा। छात्र भविष्य में कार्यस्थल पर खुशनुमा माहौल में काम करने के लिए तैयार हो सके। समिति की बैठक प्रोफेसर एम सिंगला की अध्यक्षता में हुई। इस मौके पर प्रोफेसर मोनिका सिंघानिया प्रोफेसर एमके झा प्रोफेसर, संगीता साहू सहित अन्य लोग शामिल हुए।

# बालाजी महाराज की शान में भंडारा व रात्रि जागरण सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय खरगूपुर, गोण्डा। श्री बालाजी सेवा समिति महाराजगंज की ओर से बालाजी महाराज की शान में मंगलवार को भंडारे व रात्रि जागरण का आयोजन हुआ।तिवारी ब्रदर्स के प्रांगण में मेहंदीपुर बालाजी की भव्य झांकी सजाई गई। भक्तों ने अर्जी लगा कर बालाजी महाराज का दर्शन व पूजन अर्चन की।पूरी रात भक्तों ने रात्रि जागरण का आनंद लिया।जागरण में बालाजी की शानदार झांकी ने लोगों का मन मोह लिया।कानपुर की भजन गायिका मन्नत शर्मा,गगनदीप, राहुल पंडित की अदभुत प्रस्तुति से पूरा प्रांगण भक्तिमय हो गया। जागरण की आगाज गणेश वंदना सारे जगत में पूजा होइया गणपति बप्पा मोरिया व तेरे बालाजी सरकार डंका बाजे मेंहदीपुर में पर सबको झूमने को मजबूर कर दिया। कानपुर की भजन गायिका मन्नत शर्मा ने बाला जी सरकार के चरणों में हजारी लगाकर राम भगत हनुमान बाला जी मेरे घर आना,बाला जी मेरे घर आना से शुरुआत की और बाबा के शान में कई भक्ति गीत गईं। अयोध्या के गायक गगनदीप ने दुनिया में पावन अयोध्या धाम है जहां पे चलता श्री राम का नाम है प्रस्तुति कर



लोगों को मंत्र मुग्धकर दिया।भोर में बाबा की आरती व छप्पन भोग के प्रसाद वितरण से कार्यक्रम का समापन हुआ। समिति के कृपाशंकर,राजू गुप्ता, संतोष कुमार गुप्ता, प्रधान ओम प्रकाश तिवारी आदि व्यवस्था में लगे रहे। समिति के रमाशंकर गुप्ता,विकास गुप्ता,घनश्याम,विवेक गुप्ता,धर्म राज गुप्ता आदि उपस्थित रहे।सुरक्षा की दृष्टि से जानकीनगर पुलिस चौकी इंचार्ज दिवाकर मिश्र सहित महिला व पुरुष आरक्षी उपस्थित रहे।

# सगे भाई–बहन ने की एक ही साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या : पुलिस शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच में जुटी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शाहगंज कोतवाली थाना क्षेत्र के सिधाई गांव में मंगलवार की शाम सगे भाई–बहनों ने एक ही साड़ी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया। फिलहाल पुलिस दोनों शव को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन में जुटी है। क्षेत्र के सिधाई गांव में मंगलवार की शाम करीब चार बजे दरोगा लाल के पुत्र राज कपूर (21) उसकी छोटी बहन पुष्पा (19) का शव कमरे में लगें पंखे के सहारे साड़ी के फंदे में लटकता देख परिजनों के होश उड़ गये। परिवार के लोग आनन–फानन में शव को नीचे उतारकर राजकीय पुरुष अस्पताल लाए। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। बताते हैं कि राज कपूर तीन वर्ष पूर्व एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के बाद से वह शारीरिक रूप से विकलांग हो गया था। छोटी बहन बराबर उसकी देखभाल करती थी। जो राजकीय महिला महाविद्यालय शाहगंज में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। आत्महत्या करने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया। बताते चलें कि कि मृतक के पिता दरोगा लाल कानपुर में कपड़े के कारखाने में नौकरी करते हैं। चार भाइयों में सबसे छोटे पुत्र मृतक राजकपूर सड़क दुर्घटना में विकलांग होने के बाद घर पर ही रहता था। पत्नी और एक चार वर्षीय मासूम बेटे की देखभाल परिवार के लोगों के ही जिम्मे थी। तीन भाई भी मेहनत मजदूरी कर परिवार चलते थे। मृतका सात भाई बहनों में सबसे छोटी थी। घटना से परिवार में मातम का माहौल है।

# निर्धारित स्टैंड के अतिरिक्त सवारी भरने तथा वाहन पार्क न करने के कारण 15 वाहनो का किया गया ऑनलाइन चालान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक जौनपुर डा0 अजय पाल शर्मा द्वारा यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित बनाये जाने हेतु दिए गए निर्देश के अनुपालन में क्षेत्राधिकारी यातायात/ नगर व प्रभारी निरीक्षक यातायात द्वारा निर्धारित स्टैंड से ऑटो संचालन सुनिश्चित करने हेतु ई रिक्शा और ऑटो चालकों को पूर्व में निर्धारित स्टैंड से ही वाहन संचालन करने, व अपने निर्धारीत रुट से ही शहर क्षेत्र में चलनें हेतु निर्देशित किया गया, तथा निर्धारित स्टैंड के अतिरिक्त सवारी भरने तथा वाहन पार्क करने के कारण 15 वाहनो का ऑनलाइन चालान भी किया गया व उन्हें भविष्य में निर्धारित स्टैंड से ही सवारी भरने का निर्देश दिया गया। साथ ही साथ शहर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाते हुए हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की अनिवार्यता, हेलमेट, सीट बेल्ट, सड़क पर अवैध रुप से खड़े वाहनो के पार्किंग, मदिरापान करके वाहन चलाने के संबंध में लोगों को जागरूक एवं चेकिंग अभियान चलाकर प्रवर्तन की कार्यवाही भी किया गया । यातायात उल्लंघन में की गयी प्रवर्तन की कार्यवाही कार्यवाही का विवरणः कुल चेक किये वाहनों की संख्या–450 कुल चालान– 253 सीज किए गए वाहन– 00 वसूल किया गया जुर्माना– 10500

# शैक्षिक सत्र 2022–23 हेतु नवीन समय–सारिणी निर्गत

जौनपुर सू.वि. : जिला समाज कल्याण अधिकारी ने अवगत कराया है कि उप सचिव उत्तर प्रदेश शासन के पत्र 10 अप्रैल 2023 एवं निदेशालय समाज कल्याण उ0प्र0 लखनऊ के पत्र दिनांक 11 अप्रैल 2023 द्वारा शैक्षिक सत्र 2022–23 के लिए नवीन समय–सारिणी निर्गत की गयी है, जिसके अनुपालन में जनपद मे संचालित समस्त शिक्षण संस्थाओ को अवगत कराया जाता है कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति में अध्ययनरत कक्षा 11–12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं हेतु दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत आनलाइन आवेदन पत्रों में संशोधन/त्रुटियों को ठीक करने हेतु समय–सारिणी निर्गत की गयी है। समयावधि कक्षा 11–12 एवं अन्य समस्त दशमोत्तर कक्षाओं हेतु (2022–23) हेतु 17 अप्रैल 2023 से 19 अप्रैल 2023 तक शिक्षण संस्थान द्वारा आनलाईन आवेदन प्राप्त करना, अपात्र छात्रो का आवेदन निरस्त करना तथा पात्र छात्रो का आवेदन आनलाईन सत्यापित एवं अग्रसारित करना, 03 मई 2023 से 10 मई 2023 तक सन्देहास्पद डाटा को कारणो सहित छात्र/संस्थाओ के लागिन पर प्रदर्शित किया जाना एवं आनलाइन आवेदन में की गयी त्रुटियों को छात्र द्वारा आनलाइन ठीक करके संस्था में जमा करने हेतु प्रिन्ट निकालना, 03 मई 2023 से 13 मई 2023 तक छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी समस्त वांछित संलग्नको सहित शिक्षण संस्था में जमा किया जाना तथा छात्र द्वारा जमा किये गये आवेदन पत्रों को विद्यालय द्वारा संलग्न अभिलेखो से मिलान करके आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करना। उन्होंने अवगत कराया है कि शिक्षण संस्था स्तर पर अग्रसारण न होने के कारण लम्बित आवेदन, परीक्षाफल विलम्ब से घोषित होने के कारण लम्बित आवेदन, विश्वविद्यालय/एफिलियेटिंग एजेंसी स्तर पर सीट की संख्या/छात्रो की प्रमाणिकता का सत्यापन न होने के कारण लम्बित आवेदन, पी0एफ0एम0एस0 पर पेन्डिंग/रिजेक्शन किया गया है। जनपद में संचालित समस्त शिक्षण संस्थाओं/संस्थाओं के नोडल अधिकारियों को इस निर्देश के साथ कि अनु0जाति/अनु0जनजाति के छात्रो के आवेदन पत्रो को उपरोक्त समय–सारिणी के अनुसार सूचित करते हुए कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

# वकीलों के डिग्री की होगी जाँच : सुप्रीम कोर्ट ने बनायी समिति : विस्तार से जानिए

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार ।सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में एक बड़े घटनाक्रम में देश में वकीलों कि डिग्री के सत्यापन को सुप्रीम कोर्ट ने हरी झंडी दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सभी वकीलों कि डिग्री, एनरोलमेंट सर्टिफिकेट, शैक्षिक प्रमाण पत्र कि जाँच होगी। इस जाँच कि निगरानी एक उच्च स्तरीय समिति करेगी, जिसकी अधक्षता सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस बीएस चौहान करेंगे। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ ने सभी राज्य बार काउंसिलों को बीसीआई के एक कार्यालय आदेश को चुनौती देने वाले एक वकील अजय शंकर श्रीवास्तव की याचिका पर आदेश पारित किया। न्यायमूर्ति चौहान के अलावा, समिति में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश, न्यायमूर्ति अरुण टंडन, दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश राजेंद्र मेनन, वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी और मनिंदर सिंह और बीसीआई द्वारा नामित तीन सदस्य शामिल होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि– सभी विश्वविद्यालय और परीक्षा बोर्ड बिना शुल्क लिए डिग्रियों की सत्यता की पुष्टि करेंगे, और राज्य बार काउंसिल द्वारा मांग पर बिना किसी देरी के कार्रवाई की जाएगी। हम समिति से अनुरोध करते हैं कि पारस्परिक रूप से सुविधाजनक तारीख और समय में काम शुरू करें और स्थिति रिपोर्ट 31 अगस्त 2023 में दायर की जाए।" क्या है मामला? 2015 में, बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने सर्टिफिकेट और प्लेस ऑफ प्रैक्टिस (सत्यापन) नियम पेश किए। राज्य बार काउंसिल (एसबीसी) और बीसीआई द्वारा अधिवक्ताओं की उनके अभ्यास के स्थान से सत्यापन प्रक्रिया का संचालन किया गया था, लेकिन इस प्रक्रिया को कई उच्च न्यायालयों में नियमों द्वारा चुनौती दी गई थी। बीसीआई द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में एक स्थानांतरण याचिका दायर की गई थी, और उच्च न्यायालयों के समक्ष कार्यवाही को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित कर दिया गया था। सत्यापन प्रक्रिया का नेतृत्व करने के लिए बाद में बीसीआई द्वारा एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया था, लेकिन जब विश्वविद्यालयों ने डिग्री प्रमाणपत्रों को सत्यापित करने के लिए फीस का अनुरोध किया तो सत्यापन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। सुप्रीम कोर्ट ने बाद में इस प्रक्रिया पर शुल्क लगाने पर रोक लगा दी। न्यायालय ने न्याय प्रणाली की अखंडता की रक्षा के लिए अधिवक्ताओं की शैक्षिक योग्यता को सत्यापित करने के महत्व पर जोर दिया। बीसीआई चेयरपर्सन ने इस प्रक्रिया की निगरानी के लिए एक हाई पावर कमेटी बनाने का सुझाव दिया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया।

# कोविड संक्रमण से बचाव और प्रबंधन के लिए हुआ मॉक ड्रिल

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। कोविड 19 संक्रमण की वर्तमान में प्रसार की रोकथाम एवम बचाव की तैयारी हेतु सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में दिनांक 11 अप्रैल 2023 को कोविड केयर के लिए चिन्हित चिकित्सालयों में मॉक ड्रिल अयोजित किया है। आज जनपद अयोध्या में चिन्हित कोविड केयर चिकित्सालयों जनपद अयोध्या के लिए राज्य स्तर से नामित नोडल अधिकारी अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवम परिवार कल्याण अयोध्या मंडल डा सुरेश चंद्र कौशल के दिशा निर्देश में जनपद स्तरीय चिकित्सालयों के साथ साथ ब्लॉक स्तरीय चिकत्सालय में कोविड संक्रमण के रोकथाम,प्रबंधन, बचाव और तैयारियों पर मॉक ड्रिल आयोजित हुआ। मॉक ड्रिल के सफल संचालन एवम समस्त तैयारियों का जायजा लेने हेतु नामित नोडल अधिकारी के साथ साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय राजा, सीएमएस डॉ आर पी वर्मा,जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ वेद प्रकाश त्रिपाठी, एपिडेमोलॉजिस्ट डा अरविन्द श्रीवास्तव ने जिला महिला चिकित्सालय मे तैयारियों के लिए मॉक ड्रिल का निरीक्षण एवम अवलोकन किया गया। नोडल अधिकारी ने उपस्थित समस्त चिकित्सकों और पैरामेडिकल को सतर्क किया कि वे तैयारियों को सदैव पुख्ता रखें जिससे किसी भी आपात स्थिति में हम सब मिलकर आमजन के जीवन को कोविड के खतरों से सुरक्षित रख सकें। कोविड केयर के लिए चिन्हित अन्य चिकित्सालयों में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा नामित एसीएमओ/क्लसीएमओ द्वारा भी जनपद के अन्य कोविड केयर चिकित्सा इकाइयोंकृ जिला चिकित्सालय में डा दीपक पाण्डेय, सीएचसी पूराबाजार में डाव डी के शर्मा,,बीकापुर में डाव राजेश चौधरी, मवई में डाव दिलीप सिंह ,मसौधा में डा सईद अहमद,श्रीराम हॉस्पिटल में डाव संदीप शुक्ला,१०० बेड चिकित्सालय कुमारगंज में डाव अंसार अली के नेतृत्व में संक्रमण की रोकथाम एवम बचाव की तैयारियों हेतु मॉक ड्रिल सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया। मॉक ड्रिल के आयोजन उपरान्त नामित नोडल अधिकारी द्वारा स्वास्थ्य विभाग द्वारा मॉक ड्रिल हेतु नामित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सभी चिन्हित चिकित्सालयों का भ्रमण कर कोविड संक्रमण के रोकथाम और बचाव की तैयारियों का जायजा लेते रहें और चिकित्सालयों में ऑक्सीजन प्लान्ट,कंसेंट्रेटर, ऑक्सीजन सिलेंडर, बेड, सभी आवश्यक दवाओं की उपल्बधता सुनिश्चित कराएं। आवश्यकता अनुसार यदि कोई समस्या आती है तो उसका निराकरण सुनिश्चित कराएं। यदि चिकित्सक और अन्य पैरामेडिकल स्टॉफ के पुनः प्रशिक्षण और संवेदीकरण की जरूरत हो तो तत्काल कराएं साथ ही यदि ऑक्सीजन प्लान्ट के संचालन या तकनीक त्रुटि हो तो तत्काल शासन को अवगत कराते हुए दुरुस्त कराएं। नोडल अधिकारी ने सभी को निर्देशित किया कि सभी को समस्त तैयारियां सतत बनाए रखनी है।

# अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी का खाद्यान्न 13 से 24 अप्रैल तक होगा वितरण

अयोध्या डीकेयू लाइव ब्यूरो सुरेंद्र कुमार। शासन एवं जिलाधिकारी नितीश कुमार के निर्देश के क्रम में उपायुक्त (खाद्य)धजिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को अवगत कराया है कि माह अप्रैल 2023 के सापेक्ष राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम–2013 के अन्तर्गत नियमित खाद्यान्न (गेहूँ/चावल) का वितरण माह अप्रैल 2023 में दिनांक 13 अप्रैल 2023 से प्रारम्भ होकर दिनांक 24 अप्रैल 2023 तक सम्पन्न होगा। उक्त अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 35 कि0ग्रा0 खाद्यान्न (14 कि0ग्रा0 गेहूँ व 21 कि0ग्रा0 चावल) तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि0ग्रा0 खाद्यान्न (02 कि0ग्रा0 गेहूँ व 03 कि0ग्रा0 चावल) का निःशुल्क वितरण सुनिश्चित कराया जायेगा। माह अप्रैल 2023 के सापेक्ष नियमित खाद्यान्न वितरण की। अन्तिम तिथि 24 अप्रैल 2023 निर्धारित है। जिन कार्डधारकों का ई–पॉस मशीन पर अंगूठा नहीं लगता है, वह माह की 24 तारीख को पहचान पत्र (आधार कार्ड) तथा मोबाइल के साथ सम्बन्धित कोटे की दुकान पर जाकर मोबाइल ओ0टी0पी0 के माध्यम से अपना खाद्यान्न प्राप्त कर सकते हैं।

## गहमागहमी के बीच जिला पंचायत बोर्ड की बैठक संपन्न : 30 करोड़ रुपए का बजट पास

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। गहमागहमी के बीच जिला पंचायत बोर्ड की बैठक संपन्न,30 करोड़ रुपए का बजट पास, जताई गई उम्मीद बैठक के प्रस्ताव द्वारा जिला पंचायत की आय में 25 लाख रुपए सालाना की होगी बढ़ोतरी, शामिल की गई परियोजनाओं की सूची 3 दिन के अंदर उपलब्ध कराने की मांग, खनन स्थलों से परिवहन शुल्क 4 गुना बढ़ाया गया, ट्रैक्टर का शुल्क यथावत, मानचित्र पास करने के लिए दरों में भी किया गया संशोधन, ईट भट्ठा पर विलंब शुल्क बढ़ाने का अनुमोदन, जिला पंचायत कार्यालय में सेवा प्रदाता कंपनी के माध्यम से कंप्यूटर ऑपरेटर सुरक्षा गार्ड रखे जाने की सहमति, कार्यालय में इंटरकॉम सीसीटीवी रूफटॉप सोलर लगाए जाने की भी सहमति, थाना बाबा बाजार में बनाया जाएगा महिला शौचालय। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रोहित सिंह, विधायक रामचंद्र यादव, विधायक अभय सिंह के प्रतिनिधि शंभू नाथ सिंह व सदस्य रहे मौजूद।

# शिव सत्संग मण्डल लखनऊ के अध्यक्ष राजेश पाण्डेय और महामंत्री डॉ संदीप चौरसिया मनोनीत

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : शिव सत्संग मण्डल की मंडलीय बैठक में सर्वसम्मति से शिव सत्संग मण्डल, लखनऊ की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष राजेश कुमार पाण्डेय, उपाध्यक्ष राधेश्याम चौरसिया, महामंत्री डॉ संदीप कुमार चौरसिया, कोषाध्यक्ष हरिओम पाण्डेय, व्यवस्थापक नंद कुमार यादव,प्रचार मंत्री डॉ राजकिशोर चौरसिया, सह प्रचारक सुधीर कुमार, राम नरेश, संयोजक ब्रजेश कुमार पाण्डेय एवं विशेष सदस्य सुशील कुमार, सर्वेश कुमार पाण्डेय को चुना गया।यह जानकारी राष्ट्रीय महामंत्री त्रिपुरेश पाण्डेय ने दी।

## नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 के दूसरे दिन की नामांकन संख्या

जौनपुर सू.वि. : नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 के दूसरे दिन आज जौनपुर नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष पद के लिए 36, नगर पालिका परिषद शाहगंज के लिए 12, नगर पालिका परिषद मुंगराबादशाहपुर 07, नगर पालिका परिषद गौराबादशाहपुर में 21, नगर पालिका कचगांव में 13, नगर पालिका जफराबाद में 0, नगर पालिका खेतासराय में 05, नगर पालिका मछलीशहर में 09, नगर पालिका मड़ियाहूँ में 04, नगर पालिका परिषद रामपुर में 12, नगर पालिका परिषद बदलापुर में 16, नगर पालिका परिषद केराकत में 06 नामांकन पत्र की बिक्री हुई। जौनपुर नगर पालिका परिषद में सदस्य के लिए 107, नगर पालिका परिषद शाहगंज के लिए 70, नगर पालिका परिषद मुंगराबादशाहपुर 36, नगर पालिका परिषद गौराबादशाहपुर में 80, नगर पालिका कचगांव में 57, नगर पालिका जफराबाद में 06, नगर पालिका खेतासराय में 33, नगर पालिका मछलीशहर में 42, नगर पालिका मड़ियाहूँ में 23, नगर पालिका परिषद रामपुर में 60, नगर पालिका परिषद बदलापुर में 67, नगर पालिका परिषद केराकत में 31 नामांकन पत्र की बिक्री की गयी। इसप्रकार अध्यक्ष पद के लिए कुल 141 एवं सदस्य पद के लिए 612 पत्रों का नामांकन पत्रों की बिक्री की गयी है एवं नगर पालिका परिषद केराकत में सदस्य पद के लिए 01 प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र जमा किया गया है।

# पुरखों की तलाश में अमेरिका से आजमगढ़ पहुंचे डेविड और लीना : परिजनों के छलके आंसू

आजमगढ़ ब्यूरो : अगर इंसान चाह ले तो वह क्या नहीं कर सकता है। कोशिशें कामयाबी की ओर ले ही जाती हैं। ऐसी ही कहानी है अमेरिका में रहने वाले डेविड कैनन और उनकी पत्नी लीना की। डेविड बीते कई वर्षों से अपने पूर्वजों से मिलने के लिए तपस्या कर रहे थे। आखिरकार उनकी कड़ी मेहनत रंग लाई और पुरखों की धरती को तलाश करते हुए उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के सगड़ी तहसील क्षेत्र स्थित कर्मनाथ पट्टी गांव पहुंचे। डेविड अपने परिवार के लोगों से मिलकर भावुक हो गए। उनकी खुशी का ठिकाना नहीं था। उन्होंने कहा कि मेरे लिए हमारे पूर्वजों की धरती किसी तीर्थ से कम नहीं है। परिवार के लोगों ने डेविड और लीना का फूल–मालाओं से स्वागत किया। दोनों को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ भी जुट गई। हिंदी नहीं बोल पाने वाले डेविड ने सभी का अभिवादन किया। सगड़ी तहसील क्षेत्र स्थित रौनापार थाना क्षेत्र के मारा कर्मनाथ पट्टी गांव में अपने पूर्वजों के घर जाने के लिए बुधवार सुबह करीब 10 बजे डेविड कैनन, लीना अपने सहयोगी आयुष जयपुर और संजय सिंह हीरापट्टी के साथ रौनापार थाना पहुंचे। वहां से उपनिरीक्षक मधुसूदन चौरसिया पुलिस के साथ लेकर उन्हें गांव पहुंचे। डेविड पुत्र डेविड रोस्टेड सुपरसेंट और उनके पिता रामप्रसाद और रामप्रसाद के पिता रामखेलावन को बताया जा रहा है। 1907 में रामखेलावन मौर्य पुत्र टहल निवासी ग्राम मारा कर्मनाथ पट्टी थाना रौनापार तहसील सगड़ी गिरगिटिया मजदूर के रूप में विदेश गए। वह कोलकाता से त्रिनिदाद और टोबैगो में रहे फिर अमेरिका गए। उनकी चौथी पीढ़ी के डेविड अपनी पत्नी लीना के साथ बुधवार को



गांव आए। ऐसे पहुंचे परिजनों तक ग्राम प्रधान रामबचन यादव सहित ग्रामीणों का कहना है कि हम लोगों को बड़ी खुशी हुई है। ग्राम प्रधान ने बताया कि जब प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका गए थे तो वहीं डेविड की माता से मुलाकात एनआरआई के रूप में हुई थी। लेखपाल त्रिभुवन यादव ने बताया कि दो दिन से राम खेलावन मौर्य के जमीन और निवास की तलाश की जा रही थी। 1901 के दस्तावेज से इनका नाम मिला और अगल–बगल के नामों से मिलान किया गया तो सही पाया गया। जयपुर से आए डेविड के दोस्त आयुष ने बताया कि 1907 में इनके पूर्वज रामखेलावन गए। कोलकाता प्रवास पत्र बनाया गया था। वह प्रवास पत्र खोजा गया और भारतीय दूतावास के पास यहां के सबूत पेश किए गए और भारतीय दूतावास द्वारा यहां लाया गया। संजय सिंह हीरापट्टी ने बताया कि भाई विनोद सिंह अमेरिका में रहते हैं। विनोद सिंह की मुलाकात डेविड की माता मार्लिन से हुई। बातचीत के दौरान पता चला कि यह भारत के उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ सगड़ी के मूल निवासी हैं।

# 2125 रुपये प्रति क्विंटल की दर से होगी गेहूं खरीद

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। यूपी कैबिनेट का महत्वपूर्ण फैसला– नीति मंजूर, 2125 रुपये प्रति क्विंटल की दर से होगी गेहूं खरीद...प्रदेश सरकार ने गेहूं खरीद नीति को हरी झंडी दे दी है। यह मंजूरी कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिये दी गई है। इसके तहत 2125 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं की खरीद होगी। खाद्य विभाग, मंडी परिषद, पीसीएफ, यूपी कोऑपरेटिव यूनियन, उपभोक्ता सहकारी संघ, राज्य खाद्य एवं आवश्यक वस्तु निगम और भारतीय खाद्य निगम के 6 हजार केंद्रों के माध्यम से यह खरीद होगी।

# हेलीकॉप्टर से करिए श्रीराम नगरी अयोध्या के दर्शन

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। रामनवमी मेले में आने वाले श्रद्धालु अयोध्या के पावन दर्शन अब आसमान से भी कर सकेंगे। इसके लिए पर्यटन विकास निगम और हेरिटेज एविएशन ने मंगलवार



को एक हेलीकॉप्टर का इंतजाम किया है। इस पर तीन हजार रुपये देकर सात मिनट की हवाई यात्रा की जा सकती है। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि सरयू अतिथि गृह, अयोध्या के निकट स्थित हेलीपैड स्थल निर्धारित है। यहां पर काउंटर से श्रद्धालु और पर्यटक टिकट खरीद कर हवाई यात्रा का आनंद ले सकते हैं। हवाई दर्शन की यह सुविधा 29 मार्च से शुरू हो जाएगी। सुबह नौ बजे से लेकर शाम छह बजे तक श्रद्धालु इस यात्रा का लाभ उठा सकते हैं। अयोध्या धाम के हवाई दर्शन से संबंधित जानकारी के लिए श्रद्धालु मोबाइल नंबर 9412526465 और 7011410216 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

# भाजपा प्रदेशभर में बूथ स्तर पर मनाएगी अंबेडकर जयंती

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भारतरत्न बाबा साहब डा. भीमराव रामजी आम्बेडकर की जयंती प्रदेशभर में बूथस्तर पर मनायेगी। इसके अलावा मण्डल व जिलास्तर पर बड़े व्याख्यान का आयोजन किया जायेगा। भाजपा ने सभी मोर्चा व प्रकोष्ठों को भी आम्बेडकर जयंती के कार्यक्रम करने को कहा है। अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचन्द्र कनौजिया ने बुधवार को बताया कि डा. बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर की जन्म जयंती 14 अप्रैल को अनुसूचित जाति मोर्चा व पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश, जिला, मण्डल व बूथ स्तर तक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर बाबा साहब को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर व्याख्यान के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर बाबा साहब आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व आसपास के स्थानों पर स्वच्छता का कार्यक्रम भी आयोजित किया जायेंगें। रामचन्द्र



कनौजिया ने बताया कि 13 अप्रैल को मण्डल स्तर पर वृक्षारोपण अभियान एवं जलाशयों की सफाई का अभियान पार्टी कार्यकर्ता चलायेंगे। इसके अलावा सामाजिक न्याय सप्ताह के तहत सभी जिलों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं।

# समर सिंह और आकांक्षा दुबे के रिश्ते के खुलेंगे राज : पुलिस को मिली भोजपुरी गायक की रिमांड

वाराणसी ब्यूरो : भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी गायक समर सिंह की मुसीबतें बढ़ती दिख रही हैं। सिविल जज जूनियर डिवीजन/फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय तनया गुप्ता की अदालत ने बुधवार को समर सिंह की पुलिस रिमांड मंजूर की। समर की पुलिस कस्टडी रिमांड गुरुवार सुबह 10 बजे से शुरू होगी। 17 अप्रैल की शाम पांच बजे समर सिंह को जिला जेल में वापस दाखिल किया जाएगा। अदालत में समर सिंह जिला जेल से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये पेश हुआ। अदालत ने कहा है कि समर को कस्टडी में लेते समय और जेल में दाखिल करने के दौरान पुलिस मेडिकल मुआयना कराएगी। कस्टडी रिमांड के दौरान समर के अधिवक्ता उससे 20 मीटर की दूरी पर रह सकते हैं, लेकिन वह पुलिस के किसी काम में व्यवधान नहीं पैदा करेंगे। पुलिस कस्टडी रिमांड के दौरान समर सिंह के साथ किसी भी तरह का अमानवीय व्यवहार नहीं किया जाएगा। सारनाथ थाने की पुलिस ने समर सिंह की सात दिन की रिमांड अदालत से मांगी थी। पुलिस का कहना है कि समर का मोबाइल बरामद किया जाना जरूरी है। इसके अलावा समर के लखनऊ और मुंबई स्थित ऑफिस जाकर उसके व आकांक्षा के बीच हुए वित्तीय लेनदेन व फिल्मों के करार संबंधी कागजात बरामद करना है। रिमांड का विरोध फौजदारी के अधिवक्ता अनुज यादव, आशीष सिंह और विकास यादव ने किया। अधिवक्ताओं ने कहा कि समर की गिरफ्तारी मोबाइल की लोकेशन की मदद से ही हुई है। कोर्ट में पुलिस की दलीलसमर सिंह को कस्टडी रिमांड में देने के लिए पुलिस की ओर से सहायक अभियोजन अधिकारी वंदना पाठक, उत्तम त्रिपाठी व विजय पांडेय ने अदालत के समक्ष कहा कि अभियुक्त ने बताया है कि वह अपना मोबाइल लखनऊ स्थित अपने ऑफिस में कहीं छुपा दिया है। इसके अलावा आकांक्षा दुबे के साथ पैसे के लेनदेन और फिल्म से एग्रीमेंट संबंधित कागजात मुंबई के गोरेगांव स्थित ऑफिस में वह ऐसी जगह छुपा रखा है, जिसे सिर्फ वही बरामद करा सकता है। इसलिए अभियुक्त समर सिंह को पुलिस कस्टडी रिमांड पर दिया जाना जरूरी है। पूरे प्रकरण पर एक नजरसारनाथ स्थित एक होटल के कमरे में बीते 26 मार्च को आकांक्षा दुबे का शव फंदे के सहारे लटका मिला था। वह भोजपुरी फिल्म की शूटिंग करने वाराणसी आई थीं। 27 मार्च को आकांक्षा दुबे की मां मधु दुबे की तहरीर के आधार पर सारनाथ थाने में आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में भोजपुरी गायक आजमगढ़ के मेंहनगर निवासी समर सिंह और उसके दोस्त बिलरियागंज क्षेत्र के गद्दोपुर निवासी संजय सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। मुकदमा दर्ज होते ही समर सिंह और संजय सिंह भूमिगत हो गए। छह अप्रैल की रात गाजियाबाद में अपने रिश्तेदार के घर ठहरने गए समर सिंह को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। इसके बाद उसे गाजियाबाद की अदालत में पेश कर पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर सड़क मार्ग से बीते शनिवार की सुबह वाराणसी लेकर आई। लगभग सात घंटे की पूछताछ के बाद पुलिस ने समर सिंह को रिमांड मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया। उधर, संजय सिंह की तलाश में सारनाथ थाने की पुलिस और क्राइम ब्रांच की तीन टीमों की दबिश जारी है। आकांक्षा की परिचित की भूमिका संदिग्ध आकांक्षा दुबे की मां मधु दुबे की ओर से बुधवार को सारनाथ थाने की पुलिस को एक अर्जी दी गई। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी की सारनाथ क्षेत्र स्थित एक होटल में हत्या की गई थी। इस मामले में मुंबई में रहने वाली आकांक्षा की एक परिचित महिला की भूमिका संदिग्ध है। इसलिए मुंबई की उस महिला को बुला कर उससे पूछताछ की जाए। भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी गायक समर सिंह की मुसीबतें बढ़ती दिख रही हैं। सिविल जज जूनियर डिवीजन/फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय तनया गुप्ता की अदालत ने बुधवार को समर सिंह की पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर कर ली।

# विदेश से लौटे युवक की हत्या : यूट्यूब से सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने लिया था जान से मारने का आइडिया

गोरखपुर ब्यूरो : दुबई कमाने वाले रामानंद विश्वकर्मा की गीडा में हुई हत्या में शामिल सॉफ्टवेयर इंजीनियर बृजमोहन विश्वकर्मा ने यूट्यूब से हत्या का आइडिया लिया था। वीडियो देखकर उसने जाना था कि नींद की गोली की कितनी मात्रा खाने में मिलाने पर चार से पांच लोगों को बेहोशी के हाल में पहुंचाया जा सकता है। जांच में पता चला है कि वह खुद भी कभी कभार नींद की गोली का इस्तेमाल करता है, इस वजह से उसे आसानी से डॉक्टर के पर्चे पर नींद की गोली मिल गया था। फिर इसी का इस्तेमाल कर उसने प्रेम में बाधक बन रहे अपने रिश्तेदार को मौत की नींद सुला दिया। जानकारी के मुताबिक, सीतांजली के पति रामानंद विश्वकर्मा के विदेश जाने के चंद दिन बाद ही उसने संपर्क कर लिया था। सीतांजली से उसके प्रेम संबंध हो गए थे और घरवालों की अक्सर मदद करने के बहाने वह घर आ जाता था। घर में ही दोनों का मिलना होता था, लेकिन घरवालों को इसकी कभी भनक नहीं लगी। पुलिस की जांच में सामने आया है कि पहले भी कई बार उसने नींद की गोली का इस्तेमाल किया था। नजदीकी बढ़ने के बाद बृजमोहन ने सीतांजली को मोबाइल फोन खरीदकर दे दिया था, जिसकी मदद से वह संपर्क करता था। उस मोबाइल फोन से सीतांजली बृजमोहन के अलावा किसी से भी बातचीत नहीं करती थी। यही वजह है कि उस नंबर की जानकारी, इन दोनों के अलावा किसी को नहीं थी। पुलिस को जब छत पर गिरे हालत में वह मोबाइल फोन मिला तो घरवाले उसके बारे में कोई जानकारी नहीं दे पाए थे। खैर बेहद शातिर



बृजमोहन की गर्दन तक पुलिस पहुंच गई और वह जेल के सलाखों के पीछे पहुंच गया है। पहले भी शातिर पत्नियां बन चुकी हैं कातिल गोरखपुर जिले में नाजायज संबंध में महिलाओं द्वारा अपने पति को मौत की नींद सुलाने की कई घटनाएं की जा चुकी हैं। वर्तमान में जेल में 22 महिलाएं ऐसी हैं जो प्रेम संबंध में कातिल बनकर बंद हैं। शाहपुर की अर्चना यादव की कहानी हो या फिर कैंट क्षेत्र की सुषमा की। इन्हें कभी कोई नहीं भूल सकता। एक बार फिर गीडा में रिश्तों का कत्ल सामने आया है। यहां पर प्रेम में बाधक बनने पर पत्नी ने प्रेमी और उसके दोस्त संग मिलकर पति की हत्या कर दी। जानकारी के मुताबिक, जब भी हत्या में पत्नी को पुलिस पकड़कर जेल पहुंचाई, उन्हें कोई पछतावा नहीं रहा। घटना कोई भी हो सभी में पति पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए कातिल पत्नी जेल को बाहर से बेहतर जिंदगी बताती हैं। लेकिन, जिस झूठे प्रेम के लिए वह कातिल बनती हैं, उसे कभी भी हासिल नहीं कर पातीं।


सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मो0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com



उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।